# विधान सभा सचिवालय

## मध्यप्रदेश

## समाचार

## सोलहवीं मध्यप्रदेश विधान सभा के षष्ठम सत्र की अधिसूचना जारी

भोपाल, दिनांक 24 जून,2025

मध्यप्रदेश की सोलहवीं विधान सभा का षष्ठम सत्र सोमवार, दिनांक 28 जुलाई, 2025 से आरंभ होकर शुक्रवार, 8 अगस्त, 2025 तक चलेगा। राज्यपाल महोदय द्वारा अनुमोदित तदाशय की अधिसूचना विधान सभा सचिवालय द्वारा आज जारी कर दी गई है ।

विधान सभा के प्रमुख सचिव श्री ए. पी. सिंह के अनुसार इस 12 दिवसीय सत्र में सदन की कुल 10 बैठकें होंगी, जिसमें महत्वपूर्ण शासकीय कार्य संपादित किए जायेंगे।

इस हेतु विधान सभा सचिवालय में अशासकीय विधेयकों की सूचनाएं 9 जुलाई, 2025 तथा अशासकीय संकल्पों की सूचनाएं 17 जुलाई, 2025 तक प्राप्त की जावेंगी। जबकि स्थगन प्रस्ताव, ध्यानाकर्षण, नियम 267 - क के अधीन सूचनाएं विधान सभा में 22 जुलाई, 2025 से कार्यालय में पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 तक प्राप्त की जावेंगी।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश की सोलहवीं विधान सभा का यह षष्ठम सत्र होगा।

विस/जसं/25

नरेंद्र मिश्रा

अवर सचिव